रजिस्टर्ड/सील्ड

उत्तर प्रदेश शासन
कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2
संख्या-1248/2025/1814/22-2-2025-17(212)/2010
लखनऊ : दिनांक: 24 अक्टूबर, 2025

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, भारत का संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए शासनादेश संख्या-564/2018/1106/22-2-2018-07जी/2018, दिनांक 01 अगस्त 2018 एवं सपठित संशोधन विषयक शासनादेश संख्या-120/2021/1382/22-2-2021-07जी/2018, दिनांक 28.07.2021 व शासनादेश संख्या-52/2022/1240/22-2-2022-07जी0/2018, दिनांक 27.05.2022 के प्रस्तर-1 एवं 2(छ) में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत विश्व योग दिवस (21 जून, 2022) के अवसर पर केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़ में निरुद्ध सिद्धदोष बंदी राजेन्द्र बहादुर (कैदी संख्या-25974) पुत्र श्री छक्कीलाल, कस्बा व थाना-मंगलपुर, जनपद-कानपुर देहात का निवासी, जिसे सत्र परीक्षण संख्या-211/1995 में भा0द0वि0 की धारा-302 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कानपुर देहात के आदेश दिनांक 15.02.1997 द्वारा मृत्युदण्ड से दण्डित किया गया, जिसे मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश दिनांक 16.01.1998 द्वारा मृत्युदण्ड की सजा को आजीवन कारावास की सजा में आजीवन कारावास की सजा परिवर्तित किया गया है, बन्दी द्वारा दिनांक 17.08.2025 तक 29 वर्ष 07 माह 23 दिन की अपरिहार सजा तथा 39 वर्ष 05 माह 21 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है तथा जेल आचरण संतोषजनक है, की शेष सजा का परिहार करते हैं तथा यह आदेश देते हैं कि यदि उक्त बन्दी को किसी अन्य वाद में निरुद्ध रखा जाना वांछित न हो तो उसे अपनी शेष दण्डावधि में विधि सम्मत आचरण एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रूपये 50000/-(रुपये पचास हजार मात्र) से अनधिक धनराशि का एक निजी मुचलका अपने सम्बन्धित कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक/अधीक्षक को प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

सूर्य प्रकाश मिश्र
संयुक्त सचिव।

संख्या-1248/2025/1814(1)/22-2-2025 तद्दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
2- जिला मजिस्ट्रेट, कानपुर देहात।
3- पुलिस अधीक्षक, कानपुर देहात।
4- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, फतेहगढ़।
5- नोडल अधिकारी/वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, नैनी, प्रयागराज को क्रिमिनल मिस रिट याचिका संख्या-15476/2025 राजेन्द्र बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांक 19.08.2025 के सन्दर्भ में।
6- श्री मोहम्मद शोएब खॉन, अपर शासकीय अधिवक्ता, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद को क्रिमिनल मिस रिट याचिका संख्या-15476/2025 राजेन्द्र बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित आदेश दिनांक 19.08.2025 के सन्दर्भ में द्वारा नोडल अधिकारी/वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, नैनी, प्रयागराज
7- निजी सचिव, मा0 मंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
8- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
9- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन।
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
सूर्य प्रकाश मिश्र
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in